NNS
Media Group Since 1950
प्रकाशन
बदलते भारत की सभ्य तस्वीर
सप्ताहांत
# मेरी दिल्ली
Mob. : 08447732401 www.meridelhi.com www.nnsmediagroup.com
वर्ष - 32 अंक - 44 नई दिल्ली, 1 - 7 नवम्बर, 2020 कुल पृष्ठ - 8 वार्षिक शुल्क 200/- ( डाक द्वारा )



# गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज की गवर्निंग बॉडी का विस्तार करते हुए नौजवानों को दी गई अहम जिम्मेवारी

## युवा पीढ़ी देश का भविष्य : मनजिंदर सिंह सिरसा



नई दिल्ली। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अधीन चल रहे गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज ऑफ कामर्स, पीतमपुरा की गवर्निंग बॉडी में नौजवानों को अहम जिम्मेवारी दी गई है। दिल्ली कमेटी के अध्यक्ष स. मनजिंदर सिंह सिरसा द्वारा विशेष तौर पर पहुंचकर नए पदाधिकारियों को जिम्मेवारी सौंपी गई। दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी अध्यक्ष मनजिंदर सिंह सिरसा ने जानकारी देते हुए बताया कि रमीत सिंह, स्मार्टी चड्ढा, रविंदर सिंह कालरा और हरविंदर सिंह खरबंदा को गवर्निंग बॉडी में बतौर सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

उन्होंने बताया कि यह कॉलेज दिल्ली ही नहीं बल्कि देश भी में अपनी अलग पहचान रखता है और देश भर में बच्चे इस कॉलेज में दाखिला लेने की पुरजोर कोशिश करते हैं। इस बार भी कॉलेज में 97 फीसदी कटऑफ आई है। स. सिरसा ने कहा कि जब से उनकी कमेटी ने कार्यभार संभाला है तकरीबन 30 करोड़ रूपये की राशि गुरुद्वारा कमेटी द्वारा एजुकेशन के लिए दी जा चुकी है क्योंकि हमारा विजन है कि बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले जिससे आगे चलकर वह देश का भविष्य सुधार सकें। स. सिरसा ने बताया कि इसी सोच के साथ आईएएस, आइपीएस सहित सिविल सेवाओं की पढ़ाई कराने के लिए अकादमी खोली गई है तांकि आने वाले समय में ज्यादा से ज्यादा सिख बच्चे आईपीएस, आईएएस के पद पर पहुंच कर ब्यूरोक्रेटस बन कर देश व कौम की सेवा कर सकें। उन्होंने कॉलेज के चेयरमैन स. हरमनजीत सिंह, कैशियर गुरविंदर पाल सिंह राजू को बधाई दी कि वह पूरी कमेटी को साथ लेकर चलते हुए कॉलेज को बुलंदियों पर लेकर जा रहे हैं।

इस मौके पर कॉलेज के प्रिंसीपल डॉ. जतिन्द्रबीर सिंह, एम.पी.एस. चड्ढा, सरवजीत सिंह विरक सदस्य दिल्ली कमेटी, स. त्रिलोचन सिंह, स. सोहन सिंह कोहली, स. सुदीप सिंह रानी बाग सहित अन्य गणमान्य शख्सीयतें मौजूद रहीं।

# श्री आदर्श रामलीला समिति मुंबई द्वारा रामलीला महोत्सव के निमित्त कार्यक्रम संपन्न



मुंबई। पिछले 57 वर्षों से विजयादशमी का सबसे बड़ा कार्यक्रम सागर तट, गिरगांव चौपाटी पर आयोजित किया जाता रहा है। रावण के विशालकाय पुतले का भी दहन होता है, परंतु सरकारी अनुमति नहीं मिलने से इस वर्ष का आयोजन नहीं हो पाया। ऐसे में रामलीला महोत्सव के निमित्त सायं 4.30 बजे से 6.30 बजे तक तुलसीकृत रामचरित मानस के उत्तरकांड से राम राज्याभिषेक के प्रसंग का संगीतमय सामूहिक गायन मानस मर्मज्ञ श्री वीरेंद्र याग्निक जी द्वारा यूट्यूब, फेसबुक एवं जूम ऐप के माध्यम से सभी राम भक्तों के साथ कराया गया। यह आयोजन संस्था के ट्रस्टी/ मंत्री राजेंद्र अग्रवाल व ट्रस्टी/संयुक्त मंत्री कानबिहारी अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया गया। आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था में कार्यसमिति सदस्यों में संयुक्त मंत्री अनिल पी. अग्रवाल, देवेंद्र अग्रवाल, वैभव गुप्ता, अरुण गोयल तथा व्यवस्थापक रमेश मोरे का सराहनीय सहयोग मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा समापन आरती के साथ संपन्न हुआ।

# श्री रामकृष्ण सेवा संस्थान द्वारा शरद पूर्णिमा महोत्सव आयोजित

## बहुत सुंदर व मनमोहक तरीके से संपन्न हुआ शरद पूर्णिमा कार्यक्रम




पंजाबीबाग। श्री रामकृष्ण सेवा संस्थान ( रजि. ) द्वारा शरद पूर्णिमा महोत्सव 30 अक्टूबर को आयोजित किया गया। कोरोना की वजह से यह कार्यक्रम साधना चैनल पर लाइव टेलीकास्ट किया गया, जिसे संस्था के सदस्यों ने घर में ही देखा। कार्यक्रम से पूर्व संस्था के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के चेयरमैन पुष्पेंद्र गोयल ने संस्था द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रमों व संस्था के इस कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए संस्था के चेयरमैन ओ.पी. बागला व प्रधान ललित पोद्दार ने बताया कि कार्यक्रम का प्रारंभ श्री इंद्रेश जी उपाध्याय द्वारा ठाकुर जी की आरती से किया गया। मंच के मध्य में बनी श्री नाथ भगवान जी की झांकी व उनके इर्द-गिर्द रास करते हुए श्री राधा-कृष्ण और गोपियां अत्यंत मनमोहक लग रहे थे। वहीं मंच के पीछे का नीला पर्दा तो ऐसा लग रहा था मानो आसमान में चांद-तारे व अन्य ग्रह साक्षात दिखाई दे रहे हो।

श्री कृष्ण चंद्र शास्त्री 'ठाकुर जी' की पुत्री श्रीमती मीनाक्षी शर्मा के निर्देशन में उनके द्वारा चलाए जा रहे संस्कृत विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा गोपी गीत का अत्यंत मधुर व सरस वाणी में गायन किया गया। इस प्रस्तुति में भाग लेने वालों में तीन-चार विदेशी छात्र भी थे। वही ठाकुर जी के 7-8 वर्ष के दोहते द्वारा भी मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

श्री कृष्ण चंद्र शास्त्री ठाकुर जी ने श्री रामकृष्ण सेवा संस्थान की स्थापना से लेकर आज तक के किए गए कार्यक्रमों का बहुत ही सुंदर तरीके से विवेचन किया। उन्होंने 20 मिनट के अपने संबोधन में शरद पूर्णिमा की महत्ता व इसको बनाए जाने का कारण बताया। ठाकुर जी द्वारा बेहद मधुर वाणी में प्रस्तुत किया गया भजन 'राधा नाचे, कृष्ण नाचे, नाचे गोपी चंद' अत्यंत मनमोहक भजन था, जिसे टीवी के माध्यम से देखने वाले सभी लोगों ने खूब सराहा। तत्पश्चात इंद्रेश जी द्वारा लगभग 50 मिनट तक पुनः शरद पूर्णिमा के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि शायद किसी को यह मालूम न हो कि बंसी के रूप में राम भक्त हनुमान जी द्वापर युग में भगवान श्री कृष्ण जी के साथ रहें। कार्यक्रम में अत्यंत महत्वपूर्ण संतजन एवं वृंदावन के प्रतिष्ठित जनमानस तथा ठाकुर जी का संपूर्ण परिवारजन उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम की बागडोर संस्था के चेयरमैन व संस्थापक ओ. पी. बागला के हाथ में थी, जिनके अथक प्रयासों से श्री ठाकुर जी, श्री इंद्रेश उपाध्याय, साधना टीवी के प्रबंधक व संस्था के सदस्यों को विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप में बार-बार संदेश दे कर कार्यक्रम का प्रचार किया गया। साथ में प्रधान ललित पोद्दार, चेयरमैन सांस्कृतिक कार्यक्रम पुष्पेंद्र गोयल की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस कार्यक्रम के सभी प्रायोजकों का विशेष धन्यवाद किया गया, जिनके आर्थिक सहयोग से अत्यंत सुंदर कार्यक्रम हो सका। साथ ही संस्था के सभी पदाधिकारी व सदस्यों का उनके सहयोग के लिए धन्यवाद व्यक्त किया गया।

इस संपूर्ण कार्यक्रम में ठाकुर जी का सान्निध्य, आशीर्वचन एवं प्रवचन तथा भजनों की अमृतवर्षा इंद्रेश उपाध्याय जी द्वारा प्राप्त हुआ। इसके साथ ही संस्था के पदाधिकारियों व प्रायोजकों द्वारा भगवान श्री नाथ जी की झांकी पर पुष्प अर्पित किए गए साथ ही सभी प्रायोजकों के फोटो, नाम और लोगो प्रदर्शित किए गए।


श्री ओ.पी. बागला (चैयरमैन व संस्थापक सदस्य) व श्रीमती सत्या बागला


श्री ललित पोद्दार (प्रधान) व श्रीमती सरोज पोद्दार


श्री पुष्पेन्द्र कुमार गोयल (चेयरमैन-सांस्कृतिक कार्यक्रम) व श्रीमती संतोष गोयल















## ॥ पुण्य श्रद्धांजलि ॥

खिलेगा सदा है प्रयासरत, लगाया आपने जो चमन,
एक कर्मठ - आदर्श जीवन, कर रहे हम सब नमन।
स्मरण आपका शक्तिदाता, रहा सदा विषमित श्रणों में श्रद्धानंत है -
दे आशीष, सुरक्षित रहे ये उपवन।।


लाला महावीर प्रसाद (भग्गनका)
पुण्य तिथि
आश्विन एकादशी
संवत् 2064 (22-10-2007)


नारायणी देवी (भग्गनका)
पुण्य तिथि
कार्तिक एकादशी
संवत् 2059 (01-11-2002)

श्रद्धानंत

पुष्पेन्द्र गोयल - सन्तोष गोयल

प्रेम - राम कुमार गुप्ता | सन्तोष - सुरेश कुमार बंसल | चिनार गोयल – रितिका गोयल
सीता - नरेन्द्र कुमार गर्ग | अनिता - विजय कुमार अग्रवाल | तुषार गोयल – सुमाक्षी गोयल

VARNICA - PRANICA - SHIVALIKA - ROODRANSH - DAKSHANSH

SantushTi Finpacks & Infrastructure
(Financial & Infrastructure Consultants, Share Broker & General Order Suppliers)
Mob: 9999999425, 9999999885, 9999999478
J-436, Halu Bazar, Bhiwani.








NNS Media Group Since 1950 प्रकाशन
बदलते भारत की सभ्य तस्वीर
सप्ताहांत
# मेरी दिल्ली
Mob. : 08447732401 www.meridelhi.com www.nnsmediagroup.com









संस्थापक : स्वर्गीय नेकीराम गुप्ता । प्रेरणास्रोत : स्व. केसर सिंह गुप्ता । संपादक : राजेश गुप्ता । संवाददाता : अक्षय गुप्ता । कार्यालय : मेरी दिल्ली हाउस, 25/10, ईस्ट पंजाबी बाग, नई दिल्ली-26 । मूल्य ` 3:00/- /MeriDelhiNews ई-मेल:nnsonline@nnsonline.com

# कोरोना संक्रमण के प्रति पूरी सावधानी के साथ मनाया गया पंजाबी बाग का सुप्रसिद्ध विजयादशमी उत्सव










पंजाबीबाग। श्री दशहरा कमेटी पंजाबी बाग द्वारा आयोजित किया जाने वाला सुप्रसिद्ध विजयादशमी उत्सव इस वर्ष कोरोना संक्रमण के बावजूद पूरी सावधानी के साथ सामाजिक दूरी के नियम का पालन करते हुए मनाया गया। समारोह में केवल उतने ही लोगों को आमंत्रित किया गया था जितने लोगों की अनुमति प्रशासन द्वारा दी गई थी। प्रसिद्ध समाजसेवी स्व. मनीराम गर्ग के सुपुत्र मुकेश गर्ग द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ विजयादशमी उत्सव का शुभारंभ किया गया। श्री गर्ग अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ाने का काम सफलतापूर्वक कर रहे हैं। स्व. मनीराम गर्ग जी भी सामाजिक, धार्मिक कार्यों में सहयोग करने में सदैव अग्रणी रहते थे।

स्थानीय सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा समारोह के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने समारोह की परंपरा को इस कठिन समय में भी बनाए रखने के लिए समिति के सभी सदस्यों की विशेष रूप से सराहना करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी परंपरा को आगे बढ़ाना एवं बनाए रखना ही किसी व्यक्ति अथवा संस्था की सबसे बड़ी शक्ति होती है। सामान्य परिस्थितियों में तो कोई भी मेला लगाने में सफल हो सकता है लेकिन जो कठिनाइयों में भी अपने निश्चय से पीछे नहीं हटता समाज उसी को याद करता है। इस अवसर पर श्री दशहरा कमेटी के प्रधान रविंद्र गुप्ता, महामंत्री अरविंद खोसला, कोषाध्यक्ष सतीश जिंदल, चेयरमैन सोहनलाल शर्मा, उपप्रधान ललित चोपड़ा, सत्यदेव गोयल, मंत्री कमलेश नांगिया, सह-कोषाध्यक्ष विजय प्रभाकर, कार्यकारिणी सदस्य वकील चंद सिंघल, मेघराज गोयल, जुगल किशोर ओबराय, मदन मोहन कुच्छल, बृजराज आनंद, नवीन अग्रवाल, अजय कुमार गुप्ता, अनिल मित्तल, विजय मानव, संजय गुप्ता एवं ऑडिटर एन.के. गोयल सहित सभी पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। रामलीला के पात्रों द्वारा रावण वध की कथा का संक्षिप्त मंचन किया गया। मंच पर विराजमान राम, लक्ष्मण एवं सीता की आरती भी की गई। सभी अतिथियों द्वारा भी विधिवत पूजन किया गया।


# रिचमंड ग्लोबल स्कूल प्रांगण में खिचड़ी दिवस का आयोजन





पश्चिम विहार। पश्चिम विहार स्थित रिचमंड ग्लोबल स्कूल के प्रांगण में 31 अक्टूबर को खिचड़ी दिवस हर्ष, उल्लास, श्रद्धा, प्रेम, सद्भावना एवं भाईचारे की भावना को दर्शाते हुए आयोजित किया गया। खिचड़ी दिवस का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में रिचमंड ग्लोबल स्कूल के प्रबंध संचालक ऋषभ गुप्ता, प्रधानाचार्या श्रीमती टी श्रीवास्तव, प्रबंध समिति की अध्यक्षा श्रीमती नेहा गुप्ता, आदरणीय मुख्य अतिथियों वरिष्ठजनों, अतिथिगणों एवं अभिभावकों का आदर पूर्वक स्वागत किया गया।

इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं विद्यालय के प्रबंध संचालकों के सहयोग से तथा मंत्रों के उच्चारण के साथ प्रसाद स्वरूप खिचड़ी बनाई गई एवं वितरित की गई। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य मां दुर्गा से आशीर्वाद प्राप्त करना था। मां दुर्गा से विनती की गई कि वह सभी के जीवन में सुख-समृद्धि, ध्यान एवं यश प्रदान करें। मां सरस्वती की आराधना हवन, पूजा एवं मंत्रोच्चारण के साथ की गई। विद्यालय प्रबंध समिति की और से बताया गया कि यह खिचड़ी केवल दाल और चावल का मिश्रण नहीं है, यह प्रेम और सद्भावना का मिलन है जो आशीर्वाद के रूप में हमें आज प्राप्त हुआ है। यह ऐसा प्रसाद है जो मिलनसार का प्रतीक है, जो प्रतीक है प्रेम का, जो प्रतीक है स्नेह का। विद्यालय का प्रांगण मधुरमय श्लोक एवं मंत्रों की मधुर वाणी के साथ गूंज उठा।




# भारत के देशद्रोहियों को खुलेआम चौराहे पर लटकाकर मारना चाहिए : राजिन्दर अग्रवाल



पंजाबी बाग। जाने-माने समाजसेवी व उद्योगपति राजिन्दर अग्रवाल ने गत दिनों महबूबा मुफ्ती द्वारा भारत के तिरंगे पर की गई टिप्पणी पर विरोध प्रकट किया है। महबूबा मुफ्ती ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा था कि जब तक कश्मीर में अनुच्छेद 370 की पुन: बहाली नहीं हो जाती वह और कोई झंडा नहीं उठाएंगी। श्री अग्रवाल ने कहा कि उनका यह बयान भारत के लिए उनकी सोच व मानसिकता को दर्शाता है। भारत ने उन्हें इज्जत, शोहरत सहित सब कुछ दिया किंतु उनका कोई न कोई बयान भारत के विरुद्ध आता रहता है। मेरा यह मानना है कि भारत के विरुद्ध कोई नेता, व्यक्ति गलत बयानबाजी करता है तो ऐसे लोगों पर तुरंत केस दायर करना चाहिए या उन्हें बीच चौराहे पर लटकाकर मारना चाहिए, जिससे कि अन्य देशद्रोही लोगों को भी सबक मिल सके।

महबूबा मुफ्ती की इस टिप्पणी पर जौनपुर जिले के अधिवक्ता हिमांशु श्रीवास्तव ने प्रभारी जेएम द्वितीय नीरज की अदालत में मुकदमा दायर किया है। जिसकी सुनवाई के लिए कोर्ट ने 27 नवंबर की तारीख तय की है। मेरा प्रधानमंत्री जी से आग्रह है के वे हिटलर से कुछ सीखें कि देश को इन गद्दारों से कैसे बचाना है। हम विस्तारवादी नहीं हैं लेकिन अपनी चीज को लुटा भी नहीं सकते।

## दो से अधिक बच्चे पैदा करे हिंदू परिवार

पंजाबीबाग । भारत में हिंदू परिवार छोटे परिवार के तहत एक या दो बच्चों को पैदा करने की नीति अपना रहे हैं, जिससे हिंदुओं की जनसंख्या कम होती जा रही है। इस संबंध में जाने-माने व्यवसायी राजिन्दर अग्रवाल ने कहा कि हिंदुओं को इस संबंध में गहनता से विचार करना होगा। आपने अपना एक निजी उदाहरण बताते हुए कहा कि मेरे एक दोस्त का इकलौता बेटा था, किंतु हृदय गति रुक जाने से उसका आकस्मिक निधन 43 वर्ष की अल्पायु में हो गय। जिससे मेरे दोस्त पर इस आयु में मुसीबतों का पहाड़ टूट गया है। वह भले ही हर तरह से साधन संपन्न व्यक्ति हैं किंतु अचानक से पुत्र की मृत्यु हो जाने से उन पर मुसीबतों का पहाड़ टूट गया है। मेरा मानना है कि यदि उनके दो या तीन पुत्र होते तो कम से कम उनके दूसरे सुपुत्र परिवार व व्यवसाय की जिम्मेदारी संभाल लेते और उनको थोड़ा सा धीरज बंध जाता। भले ही उस पुत्र के चले जाने की भरपाई कोई भी व्यक्ति नहीं कर सकता किंतु दूसरे सुपुत्रों के सहारे परिवार का जीवन यापन हो जाता। इसलिए मेरी यह राय है कि हिंदुओं को इस बारे में गंभीरता से सोचना होगा और उन्हें एक या दो बच्चों की बजाय ज्यादा बच्चे पैदा करने के बारे में गंभीरता से सोचना होगा। हमारी पूरी जिंदगी की कमाई हमारे बच्चे हैं, किंतु भगवान यदि उन्हें अल्पावधि में अपने पास बुला लेता है तो हमारे लिए जीना बहुत ही दूभर है।

# श्री अग्रसेन इंटरनैशनल हॉस्पिटल के पूर्व प्रधान सीताराम गुप्ता का निधन




पीतमपुरा । वसुधा एन्क्लेव पीतमपुरा निवासी श्री अग्रसेन इंटरनैशनल हॉस्पिटल के पूर्व प्रधान एवं विश्व विख्यात नवरात्रा महोत्सव समिति के प्रधान सीताराम गुप्ता का 70 वर्ष की आयु में शनिवार, 31 अक्टूबर को राजीव गांधी सुपर श्पेशियलिटी हॉस्पिटल में शाम 5 बजे निधन हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे।

राजधानी दिल्ली की सैकड़ों संस्थाओं का नेतृत्व करने वाले सीताराम गुप्ता के निधन से संपूर्ण अग्रवाल समाज में शोक की लहर व्याप्त है। उनका अंतिम संस्कार 1 नवंबर, रविवार को निगम बोध घाट पर होगा।

# स्वर्गीय श्री मनीराम गोयल को नम आंखों से दी अंतिम विदाई



पीतमपुरा। प्लाईवुड जगत में सुविख्यात श्रीराम प्लाईवुड के सीएमडी राजेंद्र गोयल जी के पिताजी श्री मनीराम गोयल जी का 28 अक्टूबर को 92 वर्ष की उम्र में आकस्मिक निधन हो गयास वह असम स्थित डिगबोई निवासी थेस स्वर्गीय श्री मनीराम जी के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार वीरवार 29 अक्टूबर को किया गयास स्वर्गीय श्री गोयल जी के सुपुत्र सज्जन गोयल, राजेंद्र गोयल, नरेश गोयल एवं राजेश गोयल है और सभी ने अपने पिता के आशीर्वाद से टिंबर उद्योग में अपना वर्चस्व स्थापित किया हुआ हैस मेरी दिल्ली संवाददाता से बातचीत के दौरान राजेंद्र गोयल जी ने बताया कि पिता जी सभी को सदैव सत्य के मार्ग पर ही चलने के लिए ही उत्साहित करते रहते थे वह हमेशा सकरात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते रहने की प्रेणा देते थे वह बोलते थे कि हमे विभिन परिस्थितियों में कभी नहीं घबराना चाहिए। वही राजेन्द्र गोयल जी कि धर्मपत्नी श्रीमति सोनल गोयल बताती है कि बाबू जी ने हमेशा अपनी सभी पुत्रवधूयों को बेटी सामान ही समझा। 'मेरी दिल्ली' समाचार पत्र शोक संतप्त परिवार के लिए अपनी संवेदना प्रकट करता है।




# दिल्ली में पटाखे जलाना क्यों जरूरी है


राजेश गुप्ता

जिस समय दिल्ली में हवा को मनुष्यों के रहने योग्य बनाने के लिए तमाम एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं उस समय दिल्ली सरकार द्वारा दिल्ली में ग्रीन पटाखे चलाने, बनाने एवं बेचने की अनुमति देने की घोषणा दिवाली से 15 दिन पहले ही कर दी गई है। दिल्ली सरकार द्वारा ही दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के स्तर को देखते हुए दिल्ली में सभी निर्माण कार्यों पर रोक लगा दी गई है, किसी भी प्रकार का जनरेटर चलाना प्रतिबंधित कर दिया गया है। कोयले से चलने वाले थर्मल पावर प्रोजेक्ट बंद कर दिए गए हैं एवं सरकार द्वारा कहा गया है कि यदि आवश्यकता पड़ी तो फिर से ऑड-इवन योजना भी लागू की जाएगी लेकिन कोई दूसरा विकल्प नहीं होने पर ही इसका प्रयोग किया जाएगा। इसके बावजूद सरकार ने दिल्ली में ग्रीन पटाखे बनाने, बेचने एवं चलाने की अनुमति क्यों प्रदान की है यह बात समझ से परे है। पटाखे जलाना किस धर्म में आवश्यक माना गया है एवं यह भारत की किस प्राचीन परंपरा एवं संस्कृति का प्रतीक है इसे समझाने के लिए कोई भी तैयार नहीं है। सवाल है कि क्या ग्रीन पटाखे छूटेंगे तो हवा में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाएगी अथवा हवा में से कार्बन डाइऑक्साइड को समाप्त कर देंगे। वह भी तो हवा में दूषित कणों को बढ़ाने का ही काम करेंगे फिर उनको चलाने की अनुमति सरकार द्वारा क्यों दी गई है। अभी हमने चंद महीनों पहले देखा कि लोगों की जान बचाने के लिए पूरे देश को बंद कर दिया गया, करोड़ों लोगों की रोजी-रोटी छीन ली गई लेकिन लोगों ने सारी कठिनाइयों को हंसते-हंसते झेल लिया एवं किसी प्रकार का विरोध नहीं किया। कोरोना से जितने लोग दिल्ली में पिछले 7 महीनों में मरे हैं उससे कहीं ज्यादा लोग दिल्ली की प्रदूषित हवा में सांस लेने के कारण मरेंगे एवं बीमार होंगे, लेकिन प्रदूषण कोई बीमारी नहीं है इसलिए प्रदूषण के कारण मरने वालों का आंकड़ा उस प्रकार नहीं जारी किया जा सकता है जिस प्रकार कोरोना, कैंसर जैसी बीमारियों के कारण होने वाली मृत्यु का जारी किया जाता है। प्रदूषण के कारण उन गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने में तो विलंब नहीं किया गया जिससे लोगों की रोजी-रोटी प्रभावित होने वाली है लेकिन जिससे दिल्ली की हवा में दिवाली एवं उसके आसपास के दिनों में सबसे ज्यादा प्रदूषण फैलता है उसको रोकने का साहस सरकार द्वारा नहीं किया जा सका। सच यही है कि दिवाली का संबंध पटाखों के साथ है ही नहीं। यह तो उन सिरफिरे लोगों का शौक है जो अपने बच्चों की जिद एवं अपने पैसों का प्रदर्शन करने के लिए दिल्ली की हवा को जहरीली बनाने का काम करते हैं।

सबसे बड़ी समस्या यह है कि ग्रीन पटाखों के नाम पर जो पटाखे दिल्ली में बेंचे जाएंगे उनमें आधे से ज्यादा पटाखे खतरनाक बारूद से भरे होंगे एवं ग्रीन पटाखों की आड़ में उनकी बिक्री की जाएगी। कुछ लोगों को ग्रीन पटाखे छोड़ने में मजा नहीं आता क्योंकि उनके पटाखे जलाने से जब तक लोगों के कान फटने की नौबत ना जाए तब तक उनको लगता है कि पटाखे छोड़ने का कोई फायदा ही नहीं हुआ। किसी भी चीज पर यदि पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया जाए तो उसको क्रियान्वित करना आसान होता है। इसके विपरीत यदि आधा अधूरा प्रतिबंध लगाया जाता है तो उसको क्रियान्वित करने में न केवल कठिनाई होती है वरन उससे भ्रष्टाचार को भी बढ़ावा मिलता है। होगा यह कि ग्रीन पटाखों की आड़ में सामान्य पटाखों की जमकर बिक्री होगी लेकिन उससे उन लोगों को रिश्वत लेने का अवसर अवश्य मिल जाएगा जिनके ऊपर सामान्य पटाखे बेचने वालों पर कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार होगा। सरकार को जनहित में फैसले लेने की हिम्मत दिखानी चाहिए। जब सरकार जनता को खुश करने के उद्देश्य से काम करती है तो वह जनहित को परे रख देती है एवं अंततः इसका खामियाजा सरकार को जनाक्रोश के रूप में भुगतना पड़ता है। सरकार की भूमिका भी लोकतंत्र में माता-पिता के समान होती है। जिस प्रकार अच्छे माता-पिता अपने बच्चे को प्रत्येक खुशी देना चाहते हैं लेकिन उसके अच्छे भविष्य को ध्यान में रखते हुए उसे उन कामों को करने से रोकने का भी प्रयास करते हैं जिससे उसका भविष्य खराब हो सकता है। मां-बाप की डांट-फटकार बच्चे को बुरी लगती है लेकिन जब उसका क्रोध एवं जिद समाप्त होती है तो वह अपने माता-पिता की भावनाओं को समझ पाता है एवं उनके प्रति आदर एवं सम्मान की भावना उसके अंदर बढ़ जाती है। जो माता-पिता अपने बच्चे को बुरी आदतों पर रोकने में संकोच करते हैं अथवा उसके नाराज हो जाने से डरते हैं उसका खामियाजा बच्चे को तो भुगतना ही पड़ता है साथ-साथ माता-पिता को भी उसकी कीमत चुकानी पड़ती है। इसलिए सरकार को भी कोई फैसला करने से पहले जनरूचि की बजाय जनहित को ध्यान में रखना अत्यंत आवश्यक है।

E-mail : rgupta@nnsonline.com

# मैट्रो पिलर पर पोस्टर चिपकाकर किया जा रहा है बदरंग

## सुप्रीमकोर्ट के अधिवक्ता चंद्रशेखर पांडा एवं गोवर्धन दास अग्रवाल ने उच्चाधिकारियों को पत्र लिख कर कार्रवाई की मांग


एडवोकेट गोवर्धन दास अग्रवाल

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में तमाम स्थानों पर दिल्ली मैट्रो के पिलर पर पोस्टर व बैनर आदि लगाकर उसे बदरंग कर दिया गया है। इससे जहां लोगों को पता खोजने में दिक्कत होती है वहीं दिल्ली की सुंदरता पर ग्रहण लग रहा है। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता एडवोकेट चंद्रशेखर पांडा एवं एडवोकेट गोवर्धन दास अग्रवाल ने दिल्ली मैट्रो रेल कॉर्पोरेशन के चेयरमैन, केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय के सचिव, प्रधानमंत्री कार्यालय एवं दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर सार्वजनिक संपत्ति को बदरंग करने वाले लोगों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने एवं सम्बंधित विभाग के अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की है।

एडवोकेट चंद्रशेखर पांडा एवं एडवोकेट गोवर्धन दास अग्रवाल ने कहा है कि दिल्ली मैट्रो ने सुविधाजनक यात्रा के साथ ही दिल्ली की सुंदरता में भी चार-चांद लगा दिए है। यही नहीं अब मैट्रो पिलर नंबर दिल्ली में पता खोजने का एक बड़ा साधन बन चुका है। लेकिन शैक्षणिक संस्थाओं एवं राजनैतिक कार्यकर्ताओं द्वारा बधाई एवं शुभकामनाओं आदि की आड़ में जगह-जगह मैट्रो पिलर पर पोस्टर-बैनर आदि लगाकर सार्वजनिक संपत्ति को बदरंग किया जा रहा है। इससे पिलर पर लिखी संख्या भी ढक जाती है, जिससे लोगों को, विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों को पता ढूढ़ने में भी दिक्कत होती है। यही नहीं वाहन चालकों द्वारा पिलर संख्या ढूढ़ने एवं युवाओं द्वारा शैक्षणिक एवं बधाई संदेश आदि देखने के चक्कर में दुर्घटना की भी आशंका बनी रहती है। लेकिन इन पोस्टर व बैनर लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय सम्बंधित विभाग के अधिकारी इस ओर आंखे मूदे बैठे हैं। जबकि संपत्ति बदरंग अधिनियम के तहत सार्वजनिक भवन या स्थान की खूबसूरती को नष्ट करने वाले किसी भी कृत्य के खिलाफ सजा का प्रावधान है। इसके अंतर्गत सरकारी दीवारों पर पोस्टर चिपकाना या बैनर लगाना भी कानूनी अपराध है।

एडवोकेट चंद्रशेखर पांडा एवं एडवोकेट गोवर्धन दास अग्रवाल ने मांग की है कि मैट्रो के खम्भों पर चारों तरफ पिलर संख्या लिखी जाए, जो कि उतनी ऊंचाई पर हो कि वाहन चालक भी आसानी से उसे देख सके। मैट्रो पिलर पर पोस्टर आदि चिपका कर उसे बदरंग करने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही सम्बंधित विभाग के अधिकारियों की जिम्मेवारी एवं जवाबदेही तय की जाए, जिससे वे बराबर इसकी निगरानी रखें। जो अधिकारी इस ओर ध्यान न दे उसके वेतन में कटौती के साथ ही उसके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाए। इसके अलावा उद्यान विभाग के अधिकारियों की भी जिम्मेवारी एवं जवाबदेही तय की जाए, जिससे वे मैट्रो लाइन के नीचे सड़क के बीच वाली पटरियों एवं मैट्रो पिलर के पास लगे पेड़-पौधों की नियमित रूप से कटाई-छंटाई करवाते रहें, ताकि सौंदर्य बना रहे।



# मेरी दिल्ली -मेरी शान

## कश्मीर में सरकार भूमि अधिग्रहित करे


अक्षय गुप्ता

केंद्र सरकार द्वारा भारत में रहने वाले सभी नागरिकों को अब जम्मू-कश्मीर में जमीन-जायदाद खरीदने की छूट दे दी गई है, जिसका कश्मीर के तमाम विपक्षी दलों द्वारा विरोध किया जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा धारा 370 समाप्त करने के बाद इसे सही दिशा में उठाया गया कदम कहा जा सकता है। सरकार के इस फैसले से कश्मीर में जमीन-जायदाद की कीमत बढ़ने एवं रोजी-रोटी के अवसर भी बढ़ने की उम्मीद है, लेकिन कश्मीर में आतंकवादियों की गतिविधियां इस उम्मीद पर पानी फेरने का काम कर सकती हैं। इसे महज संयोग नहीं कहा जा सकता कि जिस दिन सरकार द्वारा यह फैसला किया गया उसके अगले ही दिन कुलगाम में भाजपा से जुड़े तीन नेताओं की हत्या एक साथ कर दी गई। इन कश्मीरी नेताओं की हत्या के बाद उनके जनाजे में जिस प्रकार कश्मीरियों की भीड़ उमड़ी एवं उनके चेहरे पर दुख, निराशा एवं आक्रोश के भाव दिखाई दिए उसे बदलते कश्मीर का एक लक्षण अवश्य कहा जा सकता है। इसके बावजूद यदि सरकार सोचती है कि कश्मीर घाटी में जमीन-जायदाद खरीदने की छूट देने से वहां बड़ी संख्या में उद्योग एवं व्यापार लगाने के लिए प्रेरित होंगे तो यह उसकी गलतफहमी है। कोई भी अपनी जान की बाजी लगाकर कारोबार करने का खतरा मोल नहीं लेना चाहेगा। उद्योग-व्यापार करने के लिए भारत में जमीन-जायदाद की कोई कमी नहीं है, जिसकी वजह से लोग कश्मीर जाने का खतरा मोल लेने के लिए तैयार हो जाएंगे। इसके लिए जरूरी है कि सरकार स्वयं कश्मीर घाटी में भूमि अधिग्रहित करे एवं औद्योगिक तथा व्यापारिक क्षेत्र के रूप में विकसित करने के साथ ही उस स्थान को अर्ध सैनिक बलों की सुरक्षा प्रदान करने की घोषणा करे। ऐसा करने पर वहां निवेश करने का खतरा उठाने को लोग तैयार हो सकते हैं। व्यक्तिगत रूप से किसी भी उद्योगपति एवं व्यापारी के लिए आतंकवादियों के खतरे से बचने के लिए सुरक्षा व्यवस्था विकसित करना संभव नहीं है। इसलिए शायद ही कोई वर्तमान स्थितियों में कश्मीर में जमीन-जायदाद खरीदने के बारे में सोचेगा भी। इसके विपरीत यदि सरकार श्रीनगर के आसपास कोई औद्योगिक एवं व्यावसायिक पार्क विकसित करने का प्रयास करेगी तो उसके लिए कश्मीर पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों के माध्यम से आसानी से सुरक्षा व्यवस्था विकसित की जा सकेगी। आर्थिक गतिविधियां बढ़ने पर निश्चित रूप से कश्मीर के लोगों को रोजी-रोटी के अवसर उपलब्ध होंगे एवं उनका रुझान आतंकवाद एवं हिंसा को छोड़कर सामान्य जिंदगी की ओर विकसित किया जा सकेगा।

कश्मीर को सामान्य बनाने की दिशा में कश्मीरी पंडितों की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो सकती है। आज से 30 वर्ष पहले कश्मीरी पंडितों को अपनी जमीन-जायदाद छोड़कर जम्मू, दिल्ली जैसे शहरों में शरणार्थी के रूप में जीवन व्यतीत करने के लिए विवश होना पड़ा था। अब जब कश्मीर में धारा 370 समाप्त हो चुकी है तब भारत सरकार को कश्मीरी पंडितों की भी जमीन-जायदाद उनको वापस सौंपने की दिशा में भी सोचना चाहिए। कश्मीरी पंडितों को कभी भी सीधे कश्मीर में बसाने की बात करना बेमानी है। इसलिए सरकार को सबसे पहले कश्मीर घाटी में कश्मीरी पंडितों की जमीन-जायदाद को अपने कब्जे में लेना चाहिए एवं इसके लिए पंडितों से उनकी जमीन-जायदाद का ब्यौरा मांगा जाना चाहिए। जब सरकार उस संपत्ति की पहचान करके उस पर अपना कब्जा करने में सफल हो जाएगी तो वह स्वयं संबंधित संपत्ति को बाजार भाव में बेचकर कश्मीरी पंडितों को कम से कम 30 वर्ष बाद न्याय देने में सफल हो पाएगी। जो भी कश्मीरी भाई अपनी जगह-जमीन की वाजिब कीमत आज सरकार के माध्यम से प्राप्त करने में सफल हो जाएगा उसके लिए जहां भी आज रह रहा है वहीं पर अपने लिए आवास एवं रोजगार के अवसर जुटाने में सुविधा मिलेगी। फिलहाल जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों का हौसला टूटा हुआ है, इसलिए अब वे सैनिक छावनियों को निशाना बनाने की बजाय अब ग्राम प्रधानों एवं भारतीय जनता पार्टी से जुड़े लोगों को निशाना बनाकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने की कोशिश कर रहे हैं। उनके द्वारा जितना ज्यादा कश्मीर में ग्राम प्रधान एवं भाजपा का समर्थन करने वाले आम आदमी पर निशाना लगाया जाएगा उतनी ही तेजी से कश्मीर में उनको समर्थन एवं सहयोग मिलना कठिन हो जाएगा। जब तक आतंकवादी वर्दीधारी पुलिस एवं सेना को निशाना बनाते रहे तब तक आम जनता से उनको समर्थन मिलता रहा है, लेकिन जब से उन्होंने अपने बीच के ही लोगों की हत्या करना प्रारंभ किया है कश्मीर की आम जनता में उनके प्रति सहानुभूति दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। भारत सरकार ने भी कश्मीर पुलिस एवं सेना में नौजवानों को भर्ती करके आम जनता में अपना समर्थन बढ़ाने का सफल प्रयास किया है। धारा 370 के बाद से पिछले 15 महीनों में कश्मीर की स्थिति को देखकर प्रत्येक भारतवासी को इस बात की प्रसन्नता है कि सरकार इस समस्या को सुलझाने की दिशा में सटीक फैसले कर रही है।

E-Mail : akshaynns@gmail.com

# टीचरों की तनख्वाह व कमेटी में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर सड़कों पर उतरेगा नेशनल अकाली दल : परमजीत सिंह पम्मा





नई दिल्ली। वेस्ट दिल्ली के पटेल नगर स्थित नेशनल अकाली दल दिल्ली प्रदेश का कार्यालय प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप सिंह मारवाह द्वारा खोला गया, जिसका उद्घाटन दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा ने किया। इस अवसर पर दल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दलजीत सिंह चग्गर, महासचिव बिंदिया मल्होत्रा, सतपाल सिंह मंगा, महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष भावना धवन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रश्मीत कौर बिंद्रा सहित अनेक लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा ने कहा कि बड़े दुख की बात है कि आए दिन कमेटी में एक दूसरे के ऊपर आरोपों का सिलसिला जारी है जिससे सिख समाज को काफी नुकसान हो रहा है जबकि कमेटी का कार्य है जरूरतमंदों की मदद करना। मगर वह इस ओर ध्यान नहीं दे पा रहे। हालात यहां तक हो गए हैं कि अब टीचरों को ही अपनी तनख्वाह के लिए सड़कों पर उतरना पड़ रहा है और कमेटी द्वारा संचालित स्कूलों का शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है।

पम्मा ने कहा कि दिल्ली से गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष मनजिंदर सिंह सिरसा देश और विदेश के मुद्दों को हल करने में लगे हुए हैं, अच्छी बात है मगर इसके साथ-साथ दिल्ली के सिखों की समस्याओं के साथ-साथ कमेटी में हो रही दिक्कतों को भी दूर करें, क्योंकि जिस तरह भ्रष्टाचार, टीचरों की तनख्वाह, स्कूलों की समस्या, बेरोजगार सिख युवकों के लिए नौकरी का प्रबंध करना, समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता करना जैसे मुद्दे आए दिन सामने आ रहे हैं उसके लिए सिरसा जी कोई भी ध्यान नहीं दे रहें हैं। परमजीत सिंह पम्मा ने कहा कि वह 11 सदस्यों की टीम की घोषणा करने जा रहे हैं जो दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यों से मिलकर यह समस्या रखेगा और इन्हें हल कराने की कोशिश करेगा। अगर सुनवाई नहीं हुई तो वह सड़कों पर भी उतरने से परहेज नहीं करेगा।

इस अवसर पर दल को ष्वॉइस ऑफ एंग्री मैन अवार्डष से सम्मानित किया गया जिसमें मनजीत सिंह, सुरेंद्र सिंह बिंद्रा, पृथ्वी पाल सिंह बत्रा, जसविंदर शाह सिंह, राकेश धवन, कंवल बीर सिंह, परमजीत सिंह, धर्मा देवी, अमृत कौर, पूनम धवन, परमजीत कौर संधू, बलविंदर कौर, गुरसिमरन कौर, प्रीति गुप्ता, संगीता, राम प्यारी, कंचन पासी सहित अनेक लोगों को सम्मानित किया गया।

# नवरात्रों में आयोजित हुआ रोकिंग इंडिया



नई दिल्ली। स्कंद माता जी के पांचवें नवरात्र पर 21अक्तूबर बैंक्वेट हॉल में राकिंग डांडिया का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैंक्वेट को बहुत ही सुंदर सजाया गया था। रंगीन लाइटों की अद्भुत छटा देखने लायक थी। कार्यक्रम की आयोजक इंदु तोमर ने बताया की दिल्ली सरकार के सभी सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सबने सहयोग किया। कार्यक्रम में सभी ने देवी मां की स्तुति करते हुए डांडिया की ताल पर झूमते हुए खूब मस्ती की। लम्बे अंतराल के बाद सभी मित्रों से मिलने का आनंद बहुत सुखद था। डांडिया के साथ फलाहारी भोजन के स्वाद ने कार्यक्रम के मजे में चार चांद लगा दिया। कार्यक्रम में मनोरंजन के लिए तम्बोला और अन्य मजेदार प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कविता मित्तल, सरिता गुप्ता, मीनू अग्रवाल, रेखा गोयल, साहिबा कौर, मधु गोयल, ऋतु मंगला, वंदना गुप्ता, श्वेता अग्रवाल आदि ने विभिन्न पुरस्कार जीते। कार्यक्रम की आयोजक श्रीमती इन्दु तोमर तथा शकुंतला गुप्ता जी ने इस कार्यक्रम का प्रयोजन हमारी भारतीय संस्कृति का उत्थान बताया। सभी सखियों ने मिलकर राकिंग डांडिया का मस्ती से भरपूर पूरी तरह आनंद लिया और मां दुर्गा से प्रार्थना की कि अगले नवरात्र तक कोरोना समाप्त हो जाए और सबका जीवन सामान्य हो जाए।

मेरी दिल्ली सप्ताहांत
मेरी दिल्ली हाउस, 25/10
ईस्ट पंजाबी बाग, नई दिल्ली-26
आर.एन.आई. नं. : 49326/89
रजि. नं. : DL (W) 05/2065/18-2020
लाइसेंस नं. : U (W) - 8/2018-2020
संस्थापक : स्व. नेकी राम गुप्ता
प्रेरणास्त्रोत : स्व. केसर सिंह गुप्ता
संपादक : राजेश गुप्ता
वार्षिक शुल्क
साधारण डाक से : 200 रु.
विज्ञापन व प्रशासन
मो.-8447732401, 9899632000
इंटरनेट सर्विस: www.nnsmediagroup.com
ई-मेल : nnsonline@nnsonline.com
स्वत्वाधिकारी एन.एन.एस. ऑनलाइन प्रा. लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेश गुप्ता द्वारा 25/10, ईस्ट पंजाबी बाग, नई दिल्ली-110026 से प्रकाशित तथा विभा पब्लिकेशन प्रा.लि., डी-160 बी, सेक्टर-7, नोएडा से मुद्रित
लिखित अनुमति के बिना सम्पूर्ण या आंशिक पुनर्प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबंधित।
नोट : 'मेरी दिल्ली' में प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएगा।
आवश्यक सलाह : विज्ञापन में किए गए दावों के संबंध में किसी निर्णय से पहले पाठक सभी तथ्यों की समुचित जांच स्वयं कर ले। किसी भी प्रकार के लेन-देन / दावे के लिए समाचारपत्र जिम्मेवार नहीं है।
सूचना- वस्तु उपयोग व स्वास्थ्य संबंधी जानकारी की प्रामाणिकता के लिए अपने स्वास्थ्य सलाहकार या डॉक्टर की सलाह पर ही अमल करें। 'मेरी दिल्ली' प्रबंधन इसके लिए उत्तरदायी नहीं है।

# प्रदूषण को देखते हुए इस बार दीपावली पर उपयोग करें गोबर से निर्मित दीपक एवं मूर्तियां : महेश चंद्र शर्मा



नई दिल्ली। गौ सदन फेडरेशन के अध्यक्ष एवं दिल्ली के पूर्व महापौर महेश चंद्र शर्मा ने बताया कि प्रदूषण पर रोक लगाने, मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत बनाने तथा लघु उद्योगों को प्रोत्साहन देने हेतु भारत सरकार के कामधेनु आयोग के सहयोग से दिल्ली की प्रमुख गौशालाओं द्वारा इस दीपावली पर एक नया प्रयोग करते हुए गोबर, चिकनी व मुल्तानी मिट्टी और लकड़ी के बुरादे से गोबर के दीपक एवं लक्ष्मी-गणेश जी की मूर्ति बनाने का कार्य किया जा रहा है।

निर्मित हो जाने पर यह दीपक एवं मूर्ति समाज को बिक्री के लिए रखे जाएंगे। इससे युवाओं को रोजगार भी मिलेगा और गौ माता के प्रति प्यार भी बढ़ेगा। हमें भी इन्हें प्रोत्साहन देना चाहिए। इस कार्य में श्री कृष्ण गौशाला सुल्तानपुर, गोपाल गौ सदन हरेवली तथा डाबर हरे कृष्ण गौशाला का प्रमुख योगदान है।

# सदियों तक प्रेरणा देता रहेगा महर्षि दयानन्द का बलिदान : अनिल आर्य

## 137वें महर्षि दयानन्द बलिदान दिवस पर विचार गोष्ठी सम्पन्न

नई दिल्ली। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में 30 अक्टूबर को आर्य समाज के संस्थापक, महान समाज सुधारक महर्षि दयानन्द सरस्वती जी के 137वें बलिदान दिवस पर आर्य गोष्ठी का आयोजन गूगल मीट पर किया गया। उल्लेखनीय है कि 30 अक्टूबर 1883 को स्वामी दयानंद जी का अजमेर में बलिदान हुआ था। यह कोरोना काल में परिषद का 111वां वेबिनार था।

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि महर्षि दयानंद का बलिदान सदियों तक समाज का मार्ग प्रशस्त करता रहेगा। महर्षि दयानन्द महान क्रांतिकारी थे। उन्होंने हजारों लोगों के जीवन को प्रकाशित किया। वे एकमात्र ऐसे व्यक्ति थे जिन्हें जीवन में 17 बार जहर पीना पड़ा। उन्होंने कहा था कि कोई कितना भी करे परंतु स्वदेशी राज सर्वोत्तम होता है। उन्होंने एक वैचारिक क्रांति को जन्म दिया जिसने लोगों के सोचने की दिशा ही बदल डाली। स्वामी जी की प्रेरणा से हजारों नौजवान आजादी की लड़ाई में कूद पड़े। कांग्रेस के इतिहासकार पट्टाभि सीतारमैया ने भी लिखा कि देश की आजादी में 80 फीसदी योगदान आर्य समाजियों का रहा। आज फिर स्वामी जी से प्रेरणा लेकर कुरीतियों व रूढ़ियों के विरुद्ध शंखनाद करने की आवश्यकता है।





मुख्य वक्ता डॉ.करुणा चांदना ने कहा कि महर्षि दयानन्द ने सत्यार्थ प्रकाश में शुद्ध आहार- व्यवहार का उल्लेख किया है और आज का विज्ञान भी मानता है कि उचित पौष्टिक आहार खाने से हम मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहते हैं और बीमारियों से भी दूर रहने में इससे सहायता मिलती है। अच्छा पोषण शरीर के सभी अंगों को हमेशा ठीक प्रकार से काम करने में सहायता प्रदान करता है। सभी दैनिक कार्यों को उचित तरीके से करने के लिए पौष्टिक आहार एक ईंधन के रूप में काम आता है। महर्षि दयानन्द सरस्वती के विचार आज भी प्रासंगिक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आर्य नेत्री पुष्पा शास्त्री ने कहा कि नारी जाति जो आज समाज निर्माण मे अपना योगदान दे रही है उसके प्रणेता महर्षि दयानन्द सरस्वती ही है। वे नारी जाति के प्रबल समर्थक थे। नारियों के सम्मान हेतु अनेक समाज सुधार कार्यों को उन्होंने आगे बढ़ाया।

प्रान्तीय महामंत्री प्रवीन आर्य ने हरियाणा के बल्लभगढ़ में निकिता तोमर के हत्यारों को अविलम्ब फांसी देने की मांग की व महिला व छात्राओं के स्कूल- कालेजों के आसपास पुलिस सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की। प्रधान शिक्षक सौरभ गुप्ता ने कहा कि महर्षि दयानन्द वैचारिक क्रांति के जन्मदाता थे। उन्होंने अपने विचारों से सभी को सत्य-असत्य का निर्णय करने की शक्ति प्रदान की। आचार्य महेन्द्र भाई, रमा चावला, सुरेन्द्र शास्त्री, ओम सपरा ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये। युवा गायिका कमलेश चांदना, आशा आर्या, बिंदु मदान, रवीन्द्र गुप्ता, प्रतिभा सपरा, नरेश खन्ना, डॉ. अनुराधा आनन्द, सुषमा बुद्धिराजा, नरेन्द्र आर्य सुमन, सविता आर्या, डॉ. रचना चावला आदि ने गीतों के माध्यम से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रमुख रूप से आनन्द प्रकाश आर्य, देवेन्द्र गुप्ता, डॉ कल्पना रस्तोगी, अनिल आहूजा, रमेश गाड़ी, राजेश मेहंदीरत्ता, कविता रानी, राजश्री यादव, नरेश प्रसाद, सुदेश वीर आर्य आदि उपस्थित थे।

# पंजाबी बाग वार्ड क्षेत्र की सभी कालोनियों को 39 वीं बार सेनीटाइज करवाया गया



पंजाबी बाग । वैश्विक महामारी कोविड-19 कोरोना संक्रमण से बचने के लिए पंजाबी बाग क्षेत्र निगम पार्षद कैलाश सांकला द्वारा सभी कालोनियों को हाई प्रेशर सुपर पावर जेटिंग मशीन, ड्रोन पंप मशीन, गणेश पंप एवं ट्रैक्टर गाड़ी से 100% सैनिटाइज करवाकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ।

डेंगू मलेरिया जैसी बीमारियों से बचने के लिए मच्छरों की उत्पत्ति की रोकथाम हेतु सेवा बस्ती महात्मा गांधी रोड नंबर - 33 रघुवीर नगर पुलिया में मच्छरों की उत्पत्ति ना हो इसके लिए निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा दवाइयों का छिड़काव किया जा रहा है श्री सांकला ने बताया कि पंजाबी बाग वार्ड क्षेत्र में अपने प्रयासों से निगम के उद्यान विभाग सीएफडब्ल्यू एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्षेत्र के सभी कालोनियों में पश्चिमी पंजाबी बाग, शिवाजी पार्क, अरिहंत नगर, स्वयंसिद्धा कॉलोनी, एमआइजी फ्लैट ,लाल क्वाटर ,एसएफएस फ्लैट, इस फ्लैटस, ए ब्लॉक जेजे कॉलोनी, एवं सरकारी संस्थानों एसीपी ऑफिस, थाना पंजाबी बाग, पुलिस चौकी मादीपुर, विद्यालयों में तथा उन तमाम स्थानों पर जहां पब्लिक का आना जाना लगा रहता है जैसे सब्जी मंडी, मदर डेयरी, दवाई की दुकाने, राशन की दुकानों को 100% प्रतिशत सोडियम हाइपोक्लोराइट से सेनीटाइज करवाया जा रहा है तथा आगे भी कार्य निरंतर सुचारू रूप से चलता रहेगा ।

A COURIER with CARE    a name of Trust
AGC
Akash Ganga®
Courier Limited
MORE THAN 3000 DESTINATION
Regd. Off. :
Opp. Railway Station, Loonkaransar, Distt. Bikaner (Raj.)
Corporate Office
1310-11-12, D.B. Gupta Road (Naiwala), Karol Bagh, New Delhi-05
Ph. : 011-28752881
E-mail : delhi@akashganga.info, Website : www.akashganga.info

ललित एण्ड पार्टी
★ भगवती जागरण
★ चौकी
★ भजन संध्या
★ लेडीज़ संगीत
★ संगीत कार्यक्रम

दूरभाष : 9899193399, 25218278, 25216338
304, पॉकेट-1, पश्चिम पुरी, शक्ति मार्किट रोड़, नई दिल्ली-63
MDW/04

# कर्मपुरा को मिलेगी पावर कट से राहत : शिवचरण गोयल





कर्मपुरा। क्षेत्र में बिजली के लोड की समस्या को देखते हुए विधायक शिवचरण गोयल द्वारा ई- ब्लॉक करमपुरा में नए बीएसईएस ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन किया गया। इस ट्रांसफॉर्मर से क्षेत्र में लाइट की समस्या कम करने एवं लाइट सिस्टम को बेहतर करने के लिए 4 हजार फीट केबल डालकर 5 LATB स्विच लगवाए गए है। इससे पहले यहाँ इस क्षेत्र में आये दिन पॉवर कट की समस्या से लगातार लोगों को जूझना पड़ता था। गर्मी के समय में लोगों को काफी परेशानी होती थी। जिससे लोगों ने इस ट्रांसफॉर्मर को दुरुस्त करने की मांग विधायक शिवचरण गोयल से की। विधायक ने मामले को संज्ञान में लेते हुए सम्बंधित विभाग के बीएसईएस अधिकारियों को निर्देश दे कर इसकी व्यवस्था चरणबद्ध तरीके से करने को कहाँ। कुछ माह में इस कार्य को पूरा भी कर लिया गया। जिससे क्षेत्र में अब बिजली आपूर्ति की समस्या से लोगों को निजात मिलेगी। मेरी दिल्ली संवाददाता से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए दिल्ली सरकार सजक है आप सभी लोग षेड लाईट ऑन गाड़ी ऑफष अभियान में सहयोग करे ताकि इस बढ़ते वायु प्रदूषण को रोका जा सके। दिल्ली सरकार अरविन्द केजरीवाल जी के नेतृत्व में लागातर इस प्रदूषण के खिलाफ कई अहम् कदम उठाये गए है। हम सभी को इस प्रदूषण के खिलाफ एक जूट हो कर आगे बढ़ना है। दिल्ली सरकार ने ग्रीन एप लॉन्च किया है जिसमे प्रदूषण से संबधित किसी प्रकार की समस्या की शिकायत की जा सकती है। उद्घाटन में आम आदमी पार्टी के सभी कर्मठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भाजपा शासित नगर निगम में भ्रष्टाचार के कारण हालत दयनीय : राकेश जोशी



पंजाबी बाग। पूर्व निगम पार्षद व आम आदमी पार्टी नेता राकेश जोशी ने कहा कि भाजपा शासित नगर निगम में भ्रष्टाचार व कुप्रबन्धन के कारण निगम की हालत दयनीय हे। श्री जोशी ने कहा कि नगर निगम का कुल बजट 12 हजार करोड़ का है आखिर यह पैसा जाता कहाँ हैं? जब देखो भाजपा नेता बजट का रोना रोते रहते हैं। निगम के सफाई कर्मचारियों, डॉक्टर, माली व अन्य कर्मचारियों को 5 माह से वेतन नहीं मिल रहा था, बहाना यह बनाया जा रहा था कि हमारे पास बजट नहीं है। जब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पर्दाफाश किया कि आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद हर साल दिल्ली सरकार द्वारा नगर निगम को बजट बढ़ाकर दिया गया है तो नगर निगम ने कर्मचारियों को वेतन दिया, यह पैसा कहाँ से आया? यानी नगर निगम के पास पैसा था परंतु अपनी घटिया राजनीति के कारण वेतन नहीं दिया जा रहा था। भाजपा को ऐसी हरकतों से बाज आना चाहिए नहीं तो दिल्ली की जनता इन्हें कभी माफ नही करेगी। भाजपा शासित नगर निगम को चाहिए कि ऐसी ओछी हरकतें छोड़ कर दिल्ली की जनता के लिए सार्थक कार्य करे। केंद्र सरकार दिल्ली को छोड़कर सभी नगर निगमों को अनुदान देती है, क्या कारण हे कि केंद्र सरकार दिल्ली नगर निगम से सौतेला व्यवहार कर रही है? दूसरी तरफ नगर निगम ने दिल्ली सरकार से 38 हजार करोड़ का लोन ले रखा है जो अभी तक वापिस नही किया। इसी तरह नगर निगम ने दिल्ली जल बोर्ड का 3 हजार करोड़ देना है।श्री जोशी के कहा कि भाजपा को नगर निगम में भ्रष्टाचार को रोकना होगा तथा अपनी कार्यशैली को सुधारना होगा तभी नगर निगम आर्थिक संकट से उभर सकती है।

# अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन ने कराया कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा बिटिया सुश्री वैशाली सिंघानिया, निवासी गौहाटी, असम का बाएं पैर का कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण दिल्ली में करवाया गया। गिरीश मित्तल राष्ट्रीय संयोजक ने बताया कि संस्था के सभी सदस्यों एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राज कुमार मित्तल के सहयोग से लगभग 3 लाख की सहयोग राशि से कृत्रिम अंग लगवाया



गया। संस्था की राष्ट्रीय महिला प्रभारी श्रीमती सुषमा गर्ग, दिल्ली-एनसीआर अध्यक्ष देवेंद्र अग्रवाल व अन्य पदाधिकारियों द्वारा सफल प्रत्यारोपण पर बिटिया को बधाई दी गई। इस बिटिया का दस दिन सेंटर पर ट्रेनिंग व ट्रेल चल रहा था जो अब सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ। अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार निरतंर समाज में जरूरतमंदों के लिए उनके साथ खड़ा है एवं निकट भविष्य में भी यह प्रयास जारी रखेगा।

# चतुर्थ ऑनलाइन परिचय सम्मेलन को मिली भारी सफलता



राजेंद्र सिंगला

नई दिल्ली। महाराजा अग्रसेन जन कल्याण समिति (रजि.) द्वारा 30 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से 1 बजे तक अखिल भारतीय ऑनलाइन परिचय सम्मेलन का आयोजन दिल्ली से किया गया। जिसमें भारी संख्या में दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, पंजाब, यूपी, हैदराबाद, उड़ीसा, यूएसए, न्यूजीलैंड इत्यादि से प्रत्याशियों ने हिस्सा लिया। सभी ने अपना परिचय दिया व कैसा जीवनसाथी चाहते हैं इस बारे में बताया। इस परिचय सम्मेलन से भारी संख्या में रिश्ते होने की संभावना बनी है। 1176 डाटा के साथ परिचय पुस्तिका प्रकाशन की प्रक्रिया में है। संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र सिंगला ने बताया कि 3 तरीके से संस्था वैश्य/अग्रवाल समाज के लोगों के रिश्ते करवाने में मदद कर रही है। पहला ऑनलाइन परिचय सम्मेलन कराकर, दूसरा परिचय पुस्तिका (फोटो सहित) हर 6 महीने में छपाई जाती है। तीसरा-संस्था के तीन व्हाट्सएप ग्रुप ऑल इंडिया बेसिस पर 1-2-3 ग्रुप चलते हैं जिसमें कुल 750 अग्रवाल परिवार जुड़े हुए हैं। जिसमें लगातार बायोडाटा पोस्ट किए जाते हैं। रिश्ते होने के समाचार इन प्रयासों द्वारा आ रहे हैं। श्री सिंगला ने आगे बताया कि इसके अलावा पिछले साल मोतियाबिंद ऑपरेशन कैंप, ड्राइंग कंपटीशन एवं देश-विदेश की धार्मिक यात्राओं का आयोजन करती है।अगला परिचय सम्मेलन 2 मई 2021 को होगा।

# दिल्ली में ठंड का टूटने लगा रेकॉर्ड, 58 साल बाद इतना ठंडा रहा अक्टूबर

नई दिल्ली। सर्दी ने देश की राजधानी दिल्ली में अक्टूबर में ही रेकॉर्ड बनाना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष दिल्ली में अक्टूबर का महीना पिछले 58 वर्षों में सर्वाधिक ठंडा रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, इस साल अक्टूबर में न्यूनतम तापमान 17.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो 1962 के बाद अक्टूबर महीने में सबसे कम तापमान है। दिल्ली में अक्टूबर महीने में सामान्य रूप से औसत तापमान 19.1 सेल्सियस रहता है। गुरुवार को दिल्ली में न्यूनतम तापमान 12.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो करीब तीन दशक में अक्टूबर महीने में सबसे कम तापमान था। इससे पहले दिल्ली में 1994 में इतना कम तापमान दर्ज किया गया था। आईएमडी के आकड़ों के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में 31 अक्टूबर 1994 को 12.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया था। आईएमडी ने कहा कि साल के इस समय सामान्य तौर पर न्यूनतम तापमान 15-16 डिग्री सेल्सियस रहता है।

# तेल, सब्जी एवं दालों में इस बार कमरतोड़ महंगाई रही



नई दिल्ली (एनएनएस)। देश की जनता पर इस बार चौतरफा कुदरती मार पड़ी है क्योंकि एकतरफ दैवी प्रकोप के चलते कोरोना महामारी से 7 महीने से देश की जनता जूझ रही है। वहीं सरसों सोया तेल के भाव गत वर्ष की अपेक्षा डेढ़ गुने भाव हो गए हैं। उधर तुवर, उड़द, मूंग, राजमा चित्रा आदि दालें भी महंगी हो गई हैं। सब्जियों में आलू, टमाटर एवं प्याज दो-तीन गुने महंगे हो गए हैं।

गौरतलब है कि इन दिनों सरसों का तेल 90 रूपये प्रति लीटर गत वर्ष बिका था जो इस समय 40/50 रूपये पर पहुंच गया है। इसी तरह तेल सोया 80 से बढ़कर 110 रूपये में बिकने लगा है। बढ़िया कम्पनी के माल 120 रूपये बिक रहे हैं। इसी तरफ गत वर्ष 20/25 रूपये इन दिनों चल रहा था, जो इन दिनों 50 रूपये प्रति किलो हो गया है। प्याज 30 रूपये किलो गत वर्ष बिकी थी उसके भाव 80 रूपये हो गए हैं। अब इधर तुवर की दाल की तरफ देखते हैं तो 80 रूपये की दाल 130 रूपये हो गई है। चने की दाल 60 से बढ़कर 90 रूपये हो गई है। राजमा चित्रा जो गत वर्ष 90 रूपये बिका था इस समय 140 रूपये थोक में हो गया है। इस तरह चौतरफा दाल, सब्जी एवं तेलों में कमरतोड़ महंगाई आम उपभोक्ता झेल रहे हैं।

### रोजमर्रा के काम आने वाली वस्तुओं की लोकल कीमत

| जिसों | वर्तमान भाव रु. (प्रति किलो) | गत वर्ष भाव रु. (प्रति किलो) |
|---|---|---|
| आलू | 50 | 25 |
| प्याज | 80 | 30 |
| टमाटर | 50 | 30 |
| बंद गोभी | 60 | 50 |
| फूल गोभी | 40 | 40 |
| गाजर (लाल) | 100 | 80 |
| गाजर (पीली) | 100 | 70 |
| मूली | 20 | 20 |
| पालक | 30 | 25 |
| चना दाल | 90 | 60 |
| मसूर दाल | 90 | 70 |
| अरहर दाल | 130 | 80 |
| मूंग दाल | 110 | 90 |
| राजमा चित्रा | 140 | 90 |
| चना | 80 | 60 |
| लालमिर्च | 220 | 200 |
| धनिया | 140 | 120 |
| जीरा | 240 | 280 |
| हल्दी | 220 | 200 |
| देशी घी (अमूल) | 480 | 400 |
| सरसों तेल | 140 | 90 |
| सोयाबीन तेल | 120 | 80 |
| नारियल तेल | 380 | 380 |

# 'श्रद्धा-सुमन'



## स्व. श्री नेकी राम गुप्ता

**1 जून 1909 - 1 नवम्बर 1994**

एनएनएस मीडिया ग्रुप के संस्थापक, व्यापार पत्रकारिता के जनक, प्रसिद्ध समाजसेवी एवं **एनएनएस मीडिया ग्रुप** के चिर प्रेरणास्रोत परम श्रद्धेय बाबूजी की **पुण्यतिथि** पर हम उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं। आपकी उत्कृष्ट कर्मनिष्ठा एवं प्रेरक जीवनादर्श आज भी हमारा सफल मार्गदर्शन कर रहे हैं और भविष्य में भी करते रहेंगे।

**-: श्रद्धावनत :-**

NNS Media Group Since 1950

दैनिक व्यापार केसरी | मेरी दिल्ली हिन्दी दैनिक | BUSINESS STAR Devoted to Food Processing Sector English Monthly | Business & Residents' DIRECTORIES

FOOD & TECHNOLOGY EXPO | मेरी दिल्ली उत्सव | MERI DILLI AWARDS मेरी दिल्ली अवार्ड्स | GLOBAL BUSINESS ICON AWARDS | National Seminar & Exhibition on Spices & Herbs

## हिन्दी दैनिक मेरी दिल्ली Our Ambassadors



Vijender Gupta (Narela Wale), Amrit Singla, Dinesh Kumar Goel, Rajeev Kumar, Ashok Kumar Gupta, Deepak Singhal, Mahender Goel, Subhash Gupta

Avinash Bansal, Surender Kr Sachdeva, Jagannath Singla, Hari Ram Gupta, Shanti Parkash Gupta, Rakesh C Gupta, Mukesh Garg, Naveen Gupta

Chander Mohan Agarwal, K. K. Agarwal, S. D. Agarwal, Girdhari Lal Goel, Anil Kr Mangla, Ashik Agarwal, B. K. Gupta, Ramesh Kr Singhal

Sunil Mahajan, Naresh Agarwal, Rajesh Gullah, Ganga Ram Goel, Radhey Shyam Garg, Bhupesh Ahuja, Ashok Kumar Gupta, Umesh Agarwal

Roshanlal Gorakhpuria, Dr. Satyapal Gupta, Prakash C Agarwal, Amrik Singh Dhupad, Kamal B. Jain, Shyam Bihari Lal Goel, Ganga Ram Jain, Ishwar Gupta

Ram Kumar Garg, Vinod Kr Aggarwal, Harish Singla, Ram Niwas Gupta, Chander Bhan Garg, Sanjay Kr Jain, Amarjeet Singh 'Kukku', Sunita Saini

Ram Kumar Gupta, Brijbhushan Gupta, Rajkumar Agarwal, Dharmpal Garg, Keshav Dutt Gupta, Megh Raj Goel, Rajesh Garg, Hari Mohan Agarwal

Rajender P. Gupta, Shashi Sachdeva, Ram Kumar Gupta, Sunder Lal Goel, Ram Lal Agarwal, J. P. Agarwal, Ram Gopal Mittal

Date of Publication- : 01/11/2020
Posted at Delhi R.M.S. on- : 02/03/11/2020
Postal Regn. : DL (W) 05/2065/2018-2020 RNI No. 49326/89
Licence to Post Without Prepayment : U (W) - 08/2018-2020

Hotel
city park

*presents*

# मेरी दिल्ली श्रेष्ठश्री सम्मान

**Sat. 7th November, 2020**
Hotel City Park, Pitampura, New Delhi

'The prestigious Excellence Awards, '**Meri Dilli Shreshtha Shree Sammaan**', are being instituted to highlight and celebrate the outstanding performance and results achieved by the leading business and social entrepreneurs. 'Meri Dilli Shreshtha Shree Sammaan' rewards those who have worked tirelessly to keep their businesses running for their own survival and for the survival of the hundreds of people associated with them and have contributed in strengthening the economy of the Nation during the most trying times of the lockdown due to pandemic Covid-19.

HOST
दैनिक व्यापार केसरी
BUSINESS STAR

Instituted By:
NNS
Media Group Since 1950

Outdoor Publicity Partner:
साधना आध्यात्मिक सामाजिक टी.वी. चैनल
Graphisads

Supported By:

HUGS | asian FOOTWEARS | SATMOLA | AgroPure (Pulses, Besan, Maida, Sooji, Dalia, Poha & Rice) | K2 GROUP INDIA | PARAM PREMIUM Milk & Dairy Products | Asharfi THE MONEY POWER | BIKANERVALA Bikano

**NNS Online Pvt. Ltd.**
Meri Delhi House, 25/10 East Punjabi Bagh, New Delhi-110026
Mob: 8447733909, 9899632000 • E-mail: nnsonline@nnsonline.com • Web: www.nnsmediagroup.com